

'मुझे नहीं लगता कि किसी को संन्यास लेने के लिए मजबूर किया जाता है।
- केन विलियमसन

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ने रोस टेलर के सुझाव को खारिज कर दिया कि तेज गेंदबाज नील वैगनर को 'संन्यास लेने के लिए फोर्स' किया गया था।




**आज का खिलाड़ी**

**रोहित शर्मा**



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को रेयर-टैलेंट बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। रोहित ने कहा-किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट मैच खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विनर रहा है। उसने हमारे लिए जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। पिछले पांच-सात वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। हर सीरीज में उसने योगदान दिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ को इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 37 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गये सबसे ज्यादा रन है।

# रणजी ट्रॉफी : मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में

## फाइनल में भिड़ंत 10 मार्च को 41 बार की चैम्पियन मुंबई से होगी



नागपुर, 6 मार्च। गेंदाबाजों और बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ सेमीफाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश को 62 रनों से हराकर रणजी ट्रॉफी 2023-24 के फाइनल में पहुंच गया है। जहां उसकी भिडंत 10 मार्च को 41 बार की चैंपियन मुंबई से होगी। विदर्भ की टीम ने भी दो बार खिताब जीता है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर खेले गये इस मुकाबले में पहली पारी में विदर्भ की शुरुआत खराब रही थी। सलामी बल्लेबाज अथर्व तायड़े ने 39 रन करुण नायर ने 105 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली थी और पूरी टीम 170 रन पर सिमट गई थी। कप्तान अक्षय महज एक रन और टीम के तीन खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए थे।

मध्य प्रदेश के लिए आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए 15 ओवरों में 49 रन देकर चार विकेट लिए थे कुलवंत और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट मिले। अनुभव अग्रवाल और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया था। इसके बाद हिमांशु मंत्री की शतकीय पारी की मदद से मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। मंत्री ने 265 गेंदों में 126 रन बनाए। विदर्भ के लिए उमेश यादव ने और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट लिये। अक्षय को दो विकेट मिले। आदित्य सरवटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद दूसरी पारी में विदर्भ ने वापसी की। यश राठौर के 200 गेंदों में 141 रन की शतकीय पारी। जिसमें उन्होंने 18 चौके और दो छक्के लगाये। अक्षय ने कप्तानी पारी खेलते हुए 139 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 77 रन बनाए। अमन ने 59 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की टीम 402 रन पर ऑल आउट हुई। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 320 रन का लक्ष्य मिला था। विदर्भ की ओर से शानदार बल्लेबाजी करने वाले यश राठौर को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मध्यप्रदेश की ओर से अनुभव अग्रवाल ने पांच विकेट लिये। कुलवंत खेजरोलिया और कुमार कार्तिकेय को दो-दो विकेट मिले। आवेश खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद 320 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश की टीम दूसरी पारी में 258 ढ़ेर हो गई और उसे 62 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

# जायसवाल की आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में एंट्री



नई दिल्ली, 6 मार्च। टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस वक्त गजब के फार्म में हैं। लगभगर हर पारी में उनके बल्ले से रन निकल रहे हैं। यही कारण है कि वे आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी आगे बढ़ते चले जा रहे हैं। इस बीच जायसवाल ने आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में अपनी ऑलटाइम हाई रैंकिंग हासिल कर ली है। वे अपने कप्तान रोहित शर्मा से तो आगे पहले ही निकल गए थे, अब उनकी टॉप 10 में शानदार एंट्री हुई है।

इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल खूब रन बना रहे हैं। इसी सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। इसमें भी उनके निशाने पर कई बड़े कीर्तिमान और रिकॉर्ड रहने वाले हैं। इस बीच मैच से एक दिन पहले ही यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी की ओर से जारी की गई टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में प्रवेश कर लिया है। वे इस वक्त नंबर दस पर हैं। इससे पहले जब पिछले सप्ताह आईसीसी की ओर से रैंकिंग जारी की गई थी, तब उनकी रेटिंग 727 की थी और वे 12वें नंबर पर थे। इस बीच उन्होंने टेस्ट तो नहीं खेला, इसलिए उनकी रेटिंग में कोई असर नहीं पड़ा है। यानी वो अभी भी 727 की है, लेकिन बाकी बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का फायदा जायसवाल को मिला है और वे सीधे दसवें नंबर के खिलाड़ी बन गए हैं। ये जायसवाल की ऑलटाइम हाई रैंकिंग भी है। रोहित शर्मा को उन्होंने पिछले सप्ताह ही पीछे छोड़ दिया था।

यशस्वी जायसवाल को जहां दो स्थानों का फायदा मिला है, वहीं रोहित शर्मा भी दो स्थानों की छलांग लगाकर 13वें से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब 720 की है। जब आखिरी टेस्ट में धर्मशाला के मैदान पर ये दोनों खिलाड़ी फिर से साथ साथ खेलने के लिए उतरेंगे तो उसके बाद की रैंकिंग में क्या बदलाव आता है, ये देखना दिलचस्प होगा। इस बीच रोहित और जायसवाल ने पिछले सप्ताह से कोई टेस्ट नहीं खेला है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का फायदा उन्हें मिला है।

ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड अब एक स्थान के नुकसान के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 718 की है, वहीं मार्नस लाबुशेन को तो 5 स्थानों का नुकसान हुआ है। वे 707 की रेटिंग के साथ इस वक्त 13वें नंबर पर हैं। इसी का फायदा रोहित और यशस्वी को मिला है। जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 80 रन की पारी खेली थी। इसके दूसरे टेस्ट में उन्होंने 209 रन ठोक दिए। वहीं सीरीज के तीसरे मैच में उनके बल्ले से 214 रनों की नाबाद पारी खेली। यानी वे रनों की संख्या में लगातार इजाफा करते चले जा रहे हैं। अब 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे आखिरी टेस्ट में दुनियाभर की नजरें उन पर होने वाली हैं, जहां वे कुछ और नए नए कीर्तिमान अपने नाम करने के बिल्कुल मुहाने पर खड़े हैं।

# धर्मशाला टेस्ट के दौरान बारिश के आसार

## मौसम विभाग के अनुसार, धर्मशाला में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है इसके अलावा बारिश भी हो सकती है

धर्मशाला, 6 मार्च। गुरूवार से भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट खेला जाएगा। दोनों टीमें धर्मशाला में आमने-सामने होगी। लेकिन इस टेस्ट से पहले क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, धर्मशाला में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। इसके अलावा टेस्ट के दौरान बारिश के आसार हैं। यानी, भारत-इंग्लैंड पांचवें टेस्ट में बारिश विलेन बन सकती है। मौसम विभाग की मानें तो धर्मशाला में अधिकतम तापमान 1 डिग्री के आसपास रहेगा साथ ही तापमान -4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। इस कड़ाके की ठंड में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए खेलना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम टेस्ट सीरीज अपने नाम कर चुकी है। लेकिन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल के लिहाज से पांचवां टेस्ट बेहद अहम माना जा रहा है। भारतीय टीम को सीरीज के पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद टीम इंडिया ने शानदार वापसी की। भारत ने पहले टेस्ट के बाद लगातार तीनों मैच जीते। इस तरह भारतीय टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है. टीम इंडिया धर्मशाला टेस्ट जीतकर सीरीज 4-1 से अपने नाम करना चाहेगी।

# 'खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र'

नयी दिल्ली, 6 मार्च। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य कैरियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ,यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# निशांत देव ने लुईस रिचर्डसन को हराया

बस्तो अर्सिजियो, 6 मार्च। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ने ओलिंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग के मुकाबले में आज ब्रिटेन के मुक्केबाज लुईस रिचर्डसन को 3-1 हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। निशांत ने राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रिचर्डसन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए पहला राउंड 4-1 से जीता इसके बाद भारतीय मुक्केबाज ने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए दूसरा राउंड भी 5-0 से जीत लिया। निशांत ने तीसरे राउंड में अपनी बढ़त को बरकरार रखने के लिए रक्षात्मक रवैया अपनाया और आखिर में विभाजित फैसले से जीत हासिल की। एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा को 63.5 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन रुस्लान अब्दुल्लाव से हार का सामना करना पड़ा। रुस्लान ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर भारतीय मुक्केबाज को रक्षात्मक होने के लिए मजबूर कर दिया।

# टेस्ट क्रिकेट में बड़ा रिकॉर्ड बनाने के करीब टीम इंडिया

## अगर भारतीय टीम धर्मशाला में इंग्लैंड को हराने में कामयाब होती है तो टेस्ट क्रिकेट में 178 मैच जीतने वाली पांचवीं टीम बनेगी



धर्मशाला, 6 मार्च। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने जा रहा है। ये मैच हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है टीम इंडिया के लिए ये मुकाबला काफी अहम रहने वाला है। वह इस मैच को जीतकर टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच सकती है।

टीम इंडिया ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक 177 टेस्ट मैच जीते हैं। अगर वह धर्मशाला में इंग्लैंड को हराने में कामयाब होती है तो टेस्ट में ये उनकी 178वीं जीत होगी और वह टेस्ट क्रिकेट में इतने में जीतने वाली 5वीं टीम बनेगी। टेस्ट क्रिकेट में अभी तक 4 टीमों ने ही 178 या उससे ज्यादा मैच जीते हैं। अब टीम इंडिया इस लिस्ट में शामिल होने के काफी करीब है।

धर्मशाला टेस्ट जीतने पर टीम इंडिया एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी। वह 1912 के बाद पहला गेम हारने के बाद पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। वहीं, टीम इंडिया टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की तीसरी टीम बनेगी जो सीरीज का पहला मैच गंवाने के बाद 4-1 से सीरीज जीतेगी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें ही ऐसा कर सकी हैं। 5वें टेस्ट के लिए भारत की टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# 'नेशनल टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें'

## डोमेस्टिक क्रिकेट ना खेलने वाले खिलाड़ियों पर रोहित शर्मा का बयान'



धर्मशाला, 6 मार्च। भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट में ना खेलने वाले खिलाड़ी आज-कल काफी चर्चा में हैं। हाल ही में खबरें सामने आई थी कि कुछ युवा खिलाड़ी डोमेस्टिक क्रिकेट में खेलने से बच रहे हैं। ऐसे में बीसीसीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए कुछ खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर का रास्ता दिखाया था। इस मुद्दे पर अब टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बड़ा बयान दिया है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि नेशनल टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें अनफिट घोषित नहीं किया हो। एक फॉर्मेट पर दूसरे को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ियों को कड़ा संदेश देते हुए बीसीसीआई ने सभी कॉन्ट्रैक्ट क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी। वहीं, रणजी ट्रॉफी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी करने पर 2023 वर्ल्ड कप टीम में शामिल खिलाड़ियों ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के पूल से बाहर कर दिया था।

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट से पहले रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी खिलाड़ियों पर लागू होता है और यह सिर्फ कुछ खिलाड़ियों के लिए नहीं है। रोहित ने कहा कि इस बारे में लंबे समय से चर्चा चल रही है। जब खिलाड़ी उपलब्ध होंगे तो उन्हें खुद को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है या वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेंगे। लेकिन अगर आप उपलब्ध हैं, अगर आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम जाएं और खेलें।

# राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में होगी नई प्रतिभाओं की खोज : हॉकी इंडिया

नयी दिल्ली, 6 मार्च। महाराष्ट्र के पुणे में होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में देशभर के शीर्ष हॉकी खिलाड़ी और उभरते सितारे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में जगह बनाने के लिए अपने-अपने राज्यों की टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस चैम्पियनशिप के जरिए हॉकी इंडिया के चयनकर्ता आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए मुख्य संभावित चयन को लेकर यहां खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेंगे। अब ध्यान 2026 में एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए योग्यता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों का एक मजबूत पूल बनाने पर होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक बहुत ही महत्वपूर्ण घरेलू टूर्नामेंट है, जहां हमें विभिन्न राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों की उभरती हुई नई प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग-पाली (राज.)**

E-mail id: dao.pal.ayu@rajasthan.gov.in Office Number:- 02932-250026

क्रमांक-AHWC/तृतीय चरण/2023-24/13 आईटम क्रय/458 दिनांक- 01.03.24

**खुली निविदा (बिड)**

राज्य वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत स्वीकृत 41 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के लिए 13 आईटम (स्टील टैंक, स्टील भगोना, गैजरिंग ग्लास, थर्मोसेट वाटर केन, खरल गूराली, पंखा, जुत्तर मिक्सर, प्रेशर कुक्कर, इन्डेक्शन चूल्हा, योगा गेट, लाउड स्पीकर) क्रय हेतु अनुमानित व्यय 1452800/- अक्षरे चौदह लाख बावन हजार आठ सौ रूपये के लिए दिनांक 11.03.2024 दोपहर 10.00 बजे तक खुली निविदा आवेदन पत्र के साथ सलग्न स्पेशिफिकेशन अनुसार आंमत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 11.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे खोली जावेगी। लघु उद्योग ईकाई को प्राथमिकता दी जावेगी।

निविदा पत्र गय स्पेशिफिकेशन, बिड शर्ते कार्यालय समय में 500/- अक्षरे पांच सौ रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र के साथ 2/ प्रतिशत धरोहर राशि 29056/- अक्षरे उनतीस हजार छप्पन रूपये जमा करवाना अनिवार्य है। सशर्त निविदा अमान्य होगी। दिनांक 06.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे प्री वीड बैठक कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग पाली (राज.) के परिसर निर्धारित की गई है।

(डॉ. बजरंग लाल शर्मा)
उप निदेशक
आयुर्वेद विभाग पाली (राज.)

DIPR/C/2134/2024

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER AND PROJECT MANAGER**

Watershed Cell cum Data Centre Jaisalmer
(CAD Colony Mayzlar Road, Jaisalmer 345001)

S. No. F()/WDSC/MJSA 2.0/Bids/2023-24/1495 Date: 01/03/2024

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. 08/2023-24**
**NIB Code - WSC2324A0512**

Bids for the execution of "Construction of various watershed development structures under MJSA 2.0 Projects of estimated value as mentioned below are invited from interested bidders up to 08.03.2024, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state. and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website.

| Bid No. | Block | Estimated Cost, Rs. In lakhs | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 23 | Jaisalmer | 17.17 | WSC2324WSOB01048 |
| 24 | Mohangarh | 22.24 | WSC2324WSOB01049 |
| 25 | Sankra | 32.03 | WSC2324WSOB01050 |
| 26 | Bhaniyana | 19.45 | WSC2324WSOB01051 |
| 27 | Fatehgarh | 21.61 | WSC2324WSOB01052 |
| 28 | Nachna | 19.07 | WSC2324WSOB01053 |
| 29 | Sam | 13.82 | WSC2324WSOB01054 |

Superintending Engineer and Project Manager
Watershed Cell cum Data Centre Jaisalmer

DIPR/C/2175/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमांक :- 273-288 दिनांक :- 01.03.2024

**ई-बोली सूचना संख्याः 10 से 17/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग द्वारा बोली आमंत्रित की जाती है। यह बोली website "www.sppp.rajasthan.nic.in पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र "http:/eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 01.03.2024 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 11.03.2024 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 11.03.2024 को सायं 06.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 12.03.2024 को सुबह 11.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। Egrass (electronic government receipt accounting system web site https://egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01, धरोहर राशि बजट मद 8443-00-108-00-00 जो कि "41485 Executive Engineer, PHED, Division Kolayat" के नाम से एवं ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क बजट मद 8658-00-102-16-02 जो कि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा। कुल 08 कार्य है जिसकी कुल लागत 257.06 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 42.44 लाख है।

PHE2324WSOB14415 PHE2324WSOB14418
PHE2324WSOB14419 PHE2324WSOB14420
PHE2324WSOB14421 PHE2324WSOB14423
PHE2324WSOB14424 PHE2324WSOB14425

(धमेन्द्र कुमावत)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/1912/2024

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांकःसं. वि. सं. 18/EXAM/P.T.I.- Librarian (San. College Edu.)/EP-1/2023-24 दिनांकः06.03.2024

आयोग द्वारा निर्देशालय, संस्कृत शिक्षा (कॉलेज) विभाग हेतु राजस्थान संस्कृत शिक्षा (महाविद्यालय शक्खा) सेवा नियम, 2022 के अन्तर्गत शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (पीटीआई) 20 पदों एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के 20 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शैक्षिणक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि, व अन्य विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 12.03.2024 से दिनांक 10.04.2024 रात्रि 12-00 बजे तक |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा स्थान के तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना :- एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियनों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर ले। इसके अतिरिक्त इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/ सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.- 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

(रामनिवास मेहता) सचिव

DIPR/C/2351/2024

राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML-II) /2024/ई-05522

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 39 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बूंदी | भवानीपुरा (तालेड़ा) | सेण्डस्टोन व मैसेनरी स्टोन | 10 |
| 2 | राजसमंद | कलालों की आंती (देवगढ़) | ग्रेनाईट | 1 |
| 3 | राजसमंद | खरनोटा (गढ़बोर) | क्वार्टज फेल्सपार व ग्रेनाईट | 2 |
| 4 | जालौर | मवडी (सिवाना) | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 5 | पाली | जवाली (रानी हाप्त (सोजत सिटी) | मेसेनरी स्टोन | 18 |
| 6 | नीमकाथाना | मोकलवास (नीमकाथाना) | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| 7 | सीकर | हनुमानपुरा (दांतारामगढ) | मेसेनरी स्टोन | 2 |

विशेष नोट-
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक

DIPR/C/2138/2024

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, कृषि परिसर (आत्मा) खोजागेट, बून्दी**

Email ID: SEWDSCt@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक एफ()/MISA-2.0/निविदा/2023-24/707 दिनांक 01.03.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 010/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान जिला बूंदी में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 अन्तर्गत कार्यालय के अधीन पंचायत समिति बूंदी, हिण्डोली, के. पाटन एवं नैनवा के परियोजना क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन (NRM) के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य एवं दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत लाखों | धरोहर राशि (2प्रति.)रू. | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू.) | बिड प्रोसेसिंग फीस (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Anicut Pakka check dam & WHS in under MJSA 2.0 in Project Area panchayat Samiti Nainwa | 100.64 | 201282.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 2 | Construction of Anicut Pakka check dam&WHS renovation under MJSA 2.0 in Project Area panchayat Samiti Hindoli | 58.74 | 117474.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 3 | पक्का चेकडेम एवं एनिकट तथा काजवे निर्माण कार्य in MJSA 2.0 in Project Area panchayat Samiti Keshorai Patan | 118.09 | 236184.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 4 | Construction of Anicut WHS Renovation/Restoration of WHS Nirman under MJSA 2.0 in Project Area Panchayat Samiti Bundi | 25.81 | 51626.00 | 500.00 | 500.00 |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा दिनांक 01.03.2024 से 08.03.2024 तक सायंकाल 5.00 बजे तक वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 9.3.2024 को प्रात 11.00 बजे खोली जावेगी।)
2. निविदा अन्तर्गत संवेदक द्वारा जमा कराई जानी वाली बोली दस्तावेज मूल्य (निविदा शुल्क) ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से चालान द्वारा बजट मद 0075-00-800-52-01, निविदा प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से चालान द्वारा बजट मद 8658-00-102-16-01 एवं अर्नेस्ट मनी बजट मद 8443-00-103-00-00 से SE cum project Manager, WCDC Bundi 28597 में जमा करवाया जाना आवश्यक है।

(थानमल नागर)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद, बून्दी

DIPR/C/2158/2024